GULATI EYE HOSPITAL

Second sight begins here!

# मोतियाबिंद ऑपरेशन सम्बंधित जानकारी

1st floor मुबारक मार्केट सीपरी बाजार झाँसी

# मोतियाबिंद सर्जरी से जुड़े सामान्य प्रश्न

मोतियाबिंद क्या है?

- मोतियाबिंद आंख के लेंस में धुंधलापन है, जो उम्र या अन्य कारणों से होता है और दृष्टि को प्रभावित करता है।

मोतियाबिंद का इलाज कैसे होता है?

- इसका इलाज सर्जरी के माध्यम से किया जाता है, जिसमें धुंधले लेंस को हटा कर उसे एक कृत्रिम लेंस से बदल दिया जाता है।

क्या सभी को मोतियाबिंद हो सकता है?

- हां, अधिकतर लोगों को उम्र के साथ मोतियाबिंद हो सकता है, लेकिन यह कुछ अन्य कारणों से भी हो सकता है, जैसे मधुमेह या चोट।

मोतियाबिंद का ऑपरेशन कब जरूरी होता है?

- जब आपकी दृष्टि इतनी धुंधली हो जाए कि दैनिक कामों में परेशानी हो, जैसे पढ़ना, गाड़ी चलाना या टीवी देखना।

क्या मोतियाबिंद ऑपरेशन के बाद वापिस आ सकता है?

- नहीं, ऑपरेशन के बाद मोतियाबिंद वापिस नहीं आता, लेकिन कभी-कभी कृत्रिम लेंस के पीछे झिल्ली धुंधली हो सकती है, जिसका इलाज लेजर से किया जा सकता है।

मोतियाबिंद ऑपरेशन की लागत कितनी होती है?

- लागत आपके द्वारा चुने गए लेंस और सर्जरी की विधि पर निर्भर करती है। यह ₹12,500 से ₹80,000 या उससे अधिक हो सकती है।

क्या मोतियाबिंद का इलाज दवा से संभव है?

- नहीं, मोतियाबिंद का इलाज केवल सर्जरी से ही संभव है। कोई दवा इसे ठीक नहीं कर सकती।

मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए सबसे अच्छी उम्र क्या है?

- जब आपकी दृष्टि प्रभावित हो रही हो, उम्र की कोई विशेष सीमा नहीं होती।

मोतियाबिंद सर्जरी के लिए कौन-सी तकनीक का इस्तेमाल होता है?

- दो मुख्य तकनीकें होती हैं: SICS (Small Incision Cataract Surgery) और Phacoemulsification (फेको)। फेको तकनीक आधुनिक और अधिक सुविधाजनक है।



Phaco Machine

# प्रक्रिया से संबंधित प्रश्न

मोतियाबिंद सर्जरी कितनी समय लेती है?

- सामान्यतः ऑपरेशन 15 से 25 मिनट में पूरा हो जाता है, लेकिन तैयारी और रिकवरी के लिए कुल 2 से 3 घंटे लग सकते हैं।

क्या ऑपरेशन के दौरान दर्द होता है?

- नहीं, ऑपरेशन के दौरान आंखों में स्थानीय एनेस्थीसिया दिया जाता है, जिससे आपको दर्द महसूस नहीं होगा।

कृत्रिम लेंस क्या है और यह कैसे काम करता है?

- कृत्रिम लेंस एक प्लास्टिक से बना लेंस होता है जो धुंधले लेंस को बदल देता है और आपकी दृष्टि को सामान्य करता है।

.

क्या मुझे ऑपरेशन से पहले किसी विशेष तैयारी की जरूरत है?

- ऑपरेशन से पहले आपको कुछ नियमित जांचें करानी होंगी और ऑपरेशन से पहले रात को हल्का खाना खाना चाहिए। डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयां और निर्देशों का पालन करना जरूरी है।

मुझे ऑपरेशन के दौरान क्या अनुभव होगा?

- आपको केवल हल्का स्पर्श महसूस होगा, लेकिन कोई दर्द नहीं होगा। आपकी आंख खुली रहेगी और डॉक्टर आपको निर्देश देंगे।

क्या दोनों आंखों का ऑपरेशन एक साथ हो सकता है?

- सामान्यत: नहीं। एक आंख का ऑपरेशन होने के बाद कुछ हफ्तों का इंतजार किया जाता है और फिर दूसरी आंख का ऑपरेशन किया जाता है।

क्या ऑपरेशन के दौरान बेहोशी दी जाती है?

- नहीं, सामान्यत: केवल आंखों के लिए स्थानीय एनेस्थीसिया दिया जाता है, जिससे आप जागरूक रहते हैं लेकिन दर्द महसूस नहीं करते।

मुझे कौन सा लेंस चुनना चाहिए?

- आपकी जरूरतों और बजट के अनुसार डॉक्टर आपको मोनोफोकल, मल्टीफोकल, या टॉरिक लेंस की सलाह देंगे।






## ई.डी.ओ.एफ लेंस

आप दूर और मध्यवर्ती वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख पाएंगे। लैपटॉप, कार का डैशबोर्ड साफ दिखेगा। नजदीकी काम जैसे मोबाइल उपयोग के लिए चश्मे के उपयोग की आवश्यकता होगी। यह मरीजों द्वारा हमारा सबसे लोकप्रिय चुना गया लेंस है




## ट्राइफोकल लेंस

आप दूर, मध्यवर्ती और निकट की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से देख पाएंगे। लेकिन यह लेंस चमक पैदा करता है, खासकर गाड़ी चलाते समय। मधुमेह रोगियों के लिए उपयुक्त नहीं है




NO ASTIGMATISM




ASTIGMATISM

GULATI EYE HOSPITAL
Second sight begins here!

# टोरिक लेंस

यदि जांच में आपके कॉर्निया में तिरछा नंबर पाया जाता है, तो आपको यूनिफोकल, ट्राइफोकल या ईडीओएफ लेंस के टोरिक आईओएल संस्करण की आवश्यकता होगी। ये आईओएल नॉन टॉरिक संस्करणों की तुलना में अधिक महंगे हैं। यदि आप टोरिक आईओएल नहीं चुनते हैं तो आपको स्पष्ट रूप से देखने के लिए चश्मे की आवश्यकता होगी

# ऑपरेशन के बाद के प्रश्न

ऑपरेशन के बाद मुझे क्या सावधानियां रखनी चाहिए?

- आंखों को मलने से बचें, पानी सीधे आंख में न जाए, और धूल भरे स्थानों से दूर रहें। डॉक्टर द्वारा दिए गए आई ड्रॉप्स का नियमित उपयोग करें।

•ऑपरेशन के बाद कब तक आराम करना होगा?

- अधिकतर मरीज कुछ दिनों में सामान्य काम करने लगते हैं, लेकिन आंख पूरी तरह से ठीक होने में 4 से 6 हफ्ते लग सकते हैं।

•ऑपरेशन के बाद दृष्टि कब सामान्य होगी?

- ऑपरेशन के 1-2 दिनों में आपकी दृष्टि साफ होनी शुरू हो जाएगी, लेकिन पूरी तरह से सामान्य होने में कुछ हफ्ते लग सकते हैं।

•क्या ऑपरेशन के बाद चश्मा पहनना पड़ेगा?

- अगर मोनोफोकल लेंस लगाया गया है तो आपको पढ़ने के लिए चश्मे की जरूरत हो सकती है, लेकिन मल्टीफोकल लेंस के साथ यह आवश्यकता कम होती है।

•

ऑपरेशन के बाद दर्द होता है क्या?

- ऑपरेशन के बाद हल्का सा असहज महसूस हो सकता है, लेकिन यह दर्दनाक नहीं होता। डॉक्टर द्वारा दी गई आई ड्रॉप्स से यह असुविधा कम हो जाएगी।

·ऑपरेशन के बाद आंख में लालिमा या सूजन सामान्य है क्या?

- हां, थोड़ी सी लालिमा और सूजन सामान्य होती है, लेकिन अगर यह कुछ दिनों से अधिक बनी रहे तो डॉक्टर से संपर्क करें।

·क्या ऑपरेशन के बाद तुरंत गाड़ी चला सकता हूँ?

- नहीं, ऑपरेशन के बाद तुरंत गाड़ी चलाने की अनुमति नहीं दी जाती। आपकी दृष्टि पूरी तरह से ठीक होने के बाद ही आप गाड़ी चला सकते हैं।

·ऑपरेशन के बाद कितने समय तक पानी से बचना चाहिए?

- कम से कम 1 हफ्ते तक आंखों में पानी जाने से बचें। स्नान के दौरान ध्यान रखें कि पानी आंख में न जाए।

·ऑपरेशन के बाद फॉलो-अप कितने दिनों में करना होता है?

- डॉक्टर आमतौर पर ऑपरेशन के 1 दिन बाद, 1 हफ्ते बाद और फिर 1 महीने बाद फॉलो-अप के लिए बुलाते हैं।

·

ऑपरेशन के बाद खेल या भारी काम कब कर सकता हूँ?

भारी काम, झुकना, और खेल गतिविधियों से कम से कम 2-3 हफ्ते तक बचें।




**30 वर्षों से सेवा में।**

जिन्हें डॉक्टरों का डॉक्टर माना जाता है - डॉ. संजय गुलाटी के नाम 50,000 से अधिक सफल सर्जरी हैं।



Alcon Legion



Ocular Imaging



Optical Biometry





Only centre in Jhansi with OCTAngiography

# WHATSAPP- 8073794267